मोरक्को में भारत की पहली विदेशी रक्षा सुविधा

स्रोत: पी.आई.बी

भारत के रक्षा मंत्री ने मोरक्को में **टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (TASL)** की रक्षा विनिर्माण सुविधा का उद्घाटन किया और **मोरक्को** के साथ रक्षा सहयोग पर एक **समझौता ज्ञापन (MoU)** पर हस्ताक्षर किये, जो भारत-मोरक्को रक्षा संबंधों में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

- **महत्त्व:** यह किसी **भारतीय निजी कंपनी** द्वारा स्थापित पहली विदेशी रक्षा सुविधा है तथा मोरक्को में सबसे बड़ा रक्षा विनिर्माण संयंत्र है।
  - यह सुविधा **भारत के आत्मनिर्भर भारत** का समर्थन करती है और भारत की **मेक इन इंडिया**, **मेक विद फ्रेंड्स, मेक फॉर द वर्ल्ड** रणनीति का प्रतिनिधित्व करती है।
  - यह भारत-मोरक्को रणनीतिक साझेदारी, स्थानीय क्षमता को मज़बूत करती है और क्षेत्रीय सुरक्षा में योगदान देती है।
  - **अफ्रीका और यूरोप** के प्रवेश द्वार के रूप में मोरक्को की रणनीतिक स्थिति निर्यात क्षमता तथा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाती है।
- **सुविधा का उद्देश्य:** TASL और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा संयुक्त रूप से डिज़ाइन किये गए **पहियेदार बख्तरबंद प्लेटफॉर्म (WhAP)** 8x8 का उत्पादन।
  - **WhAP** एक **स्वदेशी रूप से विकसित मॉड्यूलर लड़ाकू वाहन** है जो **उन्नत सुरक्षा, गतिशीलता और बहुमुखी प्रतिभा** प्रदान करता है।
  - इसे **पैदल सेना के लड़ाकू वाहन, टोही वाहन, कमांड पोस्ट, मोर्टार वाहक या एम्बुलेंस** के रूप में कॉन्फिगर किया जा सकता है, जिसमें **दूरस्थ हथियार स्टेशनों और एंटी-टैंक मिसाइलों** के विकल्प भी शामिल हैं।

मोरक्को

- यह पश्चिमी उत्तरी अफ्रीका में स्पेन से **जिब्राल्टर जलडमरूमध्य के पार** स्थित एक पहाड़ी देश है।
- इसकी सीमा **पश्चिमी सहारा (दक्षिण)** और **अल्जीरिया (पूर्व)** से लगती है, जिसकी तटरेखाएँ **अटलांटिक महासागर (पश्चिम) एवं भूमध्य सागर (उत्तर)** तक विस्तृत हैं, जिससे यह दोनों तक पहुँच वाला एकमात्र अफ्रीकी देश बन गया है।
- भौगोलिक दृष्टि से मोरक्को में **उच्च एटलस पर्वतमालाएँ** स्थित हैं। इसका सबसे ऊँचा बिंदु **माउंट टूबकल** है जो एटलस पर्वतमाला की सबसे ऊँची चोटी भी है। **ड्रा नदी (Draa River)** देश की सबसे लंबी नदी है।

और पढ़ें: भारत-मोरक्को रक्षा उद्योग

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indias-first-overseas-defence-facility-in-morocco